प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 03.07.2024 समय 18.30

- राज्य विधानसभा का दूसरा सत्र आज से शुरू–10 जुलाई को सदन में पूर्ण बजट पेश किया जायेगा।
- प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में कल से 'सम्पूर्णता अभियान' शुरू होगा।
- सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा–2021 समेत अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक मामले के तीन ईनामी आरोपी गिरफ्तार।
- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं कहीं भारी बारिश–आगामी दो–तीन दिन कई जिलों में तेज बारिश के आसार।

00000

राज्य विधानसभा का दूसरा सत्र आज से शुरू हुआ। आज सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्यपाल के अभिभाषण की मांग की। इस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दे पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि व्यवस्था के अनुसार विधानसभा के पहले और हर साल के पहले सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह इस साल का दूसरा सत्र है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने बागीदौरा से नव निर्वाचित विधायक जय कृष्ण पटेल को शपथ दिलाई। सदन में राज्यपाल की ओर से स्वीकृत किये गए विधेयकों का विवरण रखा गया। मुख्य सचेतक ने कार्य सलाहकार समिति के प्रतिवेदन को सदन में रखा। श्री देवनानी ने ओम बिरला के लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने को प्रदेश के लिए गौरव का पल बताया। विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस का संकल्प दिलाया। सदन में आज बारह विभूतियों के निधन पर शोकाभिव्यक्ति और श्र्द्धांजलि अर्पित की गयी। बाद में सदन की कार्यवाही कल तक के लिये स्थगित कर दी गई।

000000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बनी सरकार का पहला पूर्ण बजट 10 जुलाई को पेश किया जायेगा। विधानसभा में आज पेश हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक की रिपोर्ट के अनुसार सदन में 10 जुलाई तक का कामकाज तय हो गया है। यह बैठक कल विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। सदन में कल प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही होगी। साथ ही रीको तथा राजस्थान कॉआपरेटिव डेयरी फेडरेशन के वार्षिक प्रतिवेदनों पर विचार होगा। 5 से 9 जुलाई तक विधानसभा नहीं चलेगी। 10 जुलाई को बजट पेश किया जाएगा। 10 जुलाई से आगे का कामकाज तय करने के लिए कार्य सलाहकार समिति की बैठक दुबारा होगी।

00000

प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉक्स में कल से सम्पूर्णता अभियान शुरू होगा। ये अभियान 5 आंकाक्षी जिलों के साथ 27 आंकाक्षी ब्लॉक्स में 30 सितम्बर तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि और सामाजिक विकास के सूचकांकों को शत प्रतिशत प्राप्त करना है। नीति आयोग ने इस अभियान के लिये प्रत्येक ब्लॉक और जिले में अपने प्रतिनिधि भेजे हैं। बाडमेर के जिला कलेक्टर निशांत जैन ने आकाशवाणी को बताया कि इस अभियान के तहत जिले के रामसर ब्लॉक को चुना गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में आकांक्षी ब्लॉक के लिए छह छह प्राथमिकता वाले बिंदुओं के शत प्रतिशत लक्ष्य हांसिल किये जायेंगे।

.......

अभियान के शुभारम्भ के मौके पर कल से दो दिन तक विशेष कार्यक्रम होंगे। कोटपूतली बहरोड़ के नीमराणा में संपूर्णता अभियान शिविर का आयोजन होगा। सवाई–माधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि अभियान के तहत गंगापुर सिटी में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों की ओर से विभिन्न स्वास्थ्य जांच, पोषाहार वितरण के कार्यक्रम होंगे।

......

झालावाड जिले में खानपुर पंचायत समिति में इस अभियान के लिये नोडल अधिकारी लगाया गया है।

00000

राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष औंकार सिंह लखावत ने कहा है कि देश की आजादी के लिये जान देने वाले शहीदों को सम्मान देने तथा 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले गांवों को 'स्वातंत्र गांव' घोषित कर वहां स्मारक बनाए जाएंगे। श्री लखावत आज बूंदी में बोल रहे थे। उन्होंने प्राधिकरण की ओर से बूंदी में कराए जा रहे बूंदा मीणा पैनोरमा के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि राजस्थान में समाज के लिए प्रेरणा के केन्द्र बिन्दुओं की स्मृति में कार्यक्रम हो। उन्होंने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन में हाड़ौती ने अग्रणी रहते हुए बड़ा योगदान दिया। ऐसे स्थानों का चयन कर इनके बारे में इतिहासकारों से जानकारी जुटा कर इस दिशा में कार्य किया जाएगा।

00000

राज्य मानवाधिकार आयोग के नवनियुक्त सदस्य, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता ने आज राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने श्री गुप्ता को शुभकामनाएं दीं। श्री गुप्ता ने इस दौरान राज्यपाल को राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

000000

**पुलिस ने** सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा–2021 समेत 6 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक मामले में तीन वांछित आरोपी ओमप्रकाश ढाका, सुनील बेनीवाल और सम्मी बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया हैं।

जोधपुर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर इन प्रमुख आरोपियों को गिरफतार कर एसओजी को सौंप दिया है। आज जयपुर में एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी के सिंह ने प्रेस वार्ता कर इन आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन लोगों पर पुलिस ने ईनाम घोषित कर रखे थे। जोधपुर के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ढाका और बेनीवाल हैदराबाद के एक फ्लैट में छुपे थे, जहां से उन्हें पकड़ा गया। वहीं सम्मी बरसाना में फरारी काट रही थी और पुलिस ने उसे वहां से गिरफतार किया।

......

इन तीनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश कर 15 दिन की रिमांड मांगी गई है। गौरतलब है कि ओमप्रकाश ढाका पर 75 हजार रुपए, शम्मी बिश्नोई पर 70 हजार रुपए और सुनील बेनीवाल पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। तीनों पेपर लीक के मास्टरमाइंड हैं। इनकी तलाश राजस्थान पुलिस को काफी समय से थी।

0000

राज्य में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से 20 लाख से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये पौधे मुख्यतया उद्योगों और उनके आस–पास वाले क्षेत्र में लगाए जाएंगे ताकि औद्योगिक गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण से आस–पास के क्षेत्रों को प्रदूषण मुक्त किया जा सके। ये कार्य आमजन, स्वयंसेवी संस्थाओं और अन्य हितधारकों के माध्यम से किया जायेगा।

000000

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम तो कहीं कहीं भारी बारिश हुई है। बीते 24 घंटों में डूंगरपुर जिले में कहीं कहीं बहुत भारी बारिश दर्ज की गयी है। आज सीकर, झुंझुनू, दौसा, सवाईमाधोपुर, टोंक, भरतपुर, करौली, कोटा, बारां, भीलवाडा, झालावाड़ जिलों में कहीं कहीं तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई है। कुछ स्थानों पर तेज बारिश भी हुई। नीम का थाना में अच्छी बारिश हुई। चूरू में कल बारिश से भरा पानी अब तक नहीं निकाला जा सका है। जयपुर के कई इलाकों में शाम को अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर आज से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना है। आगामी दो–तीन दिन जयपुर, भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। इस दौरान जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में एक दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। बीकानेर संभाग में आगामी 48 घंटों के दौरान कुछ हिस्सों में मेघगर्जन और तेज हवाओं के साथ हल्के से मध्यम बारिश की प्रबल संभावना है। जोधपुर संभाग के अधिकांश हिस्सों में आगामी तीन–चार दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने के आसार है।

00000

राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग ने विधिक क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए 21 दिन का राष्ट्रीय स्तर का इंटर्नशिप कार्यक्रम आज से शुरू किया है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आयोग के सदस्य न्यायाधिपति राम चंद्र सिंह झाला ने की। इस अवसर पर श्री झाला ने बताया कि मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करवाना बहुत आसान है। कोई भी व्यक्ति स्वयं, डाक द्वारा, ऑनलाइन या किसी अन्य के माध्यम से शिकायत आयोग को भिजवा सकते हैं और इसका कोई भी शुल्क नहीं लगता है। शिकायत सही पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाती है। श्री झाला ने कहा कि आमजन में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में मानवाधिकारों को लेकर जागरूकता बेहद कम है। उन्होंने विधि विद्यार्थियों को जागरूक रहकर अपने आसपास हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में सजगता बरतने को कहा।

00000

भरतपुर के विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय घना पक्षी अभ्यारण्य के पास जल्दी ही जैविक उद्यान बनाया जाएगा। जैविक उद्यान में पर्यटक शेर, बाघ, तेंदुआ, घड़ियाल, मगरमच्छ जैसे वन्य और जलीय जीवों को पर्यटक निहार सकेंगे। केवलादेव उद्यान के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने भरतपुर में जैविक उद्यान विकसित करने की योजना बनाई है। जैविक उद्यान तैयार करने में करीब 70 करोड रुपए की लागत आएगी। जैविक उद्यान बन जाने के बाद राष्ट्रीय केवलादेव का भ्रमण करने आने वाले पर्यटकों को लोहागढ़ किला, संग्रहालय, जवाहर बुर्ज ,बिहारी जी मंदिर, श्रीगंगा महारानी मंदिर ,विश्व प्रिय शास्त्री पार्क, बेटी पार्क के अलावा जैविक उद्यान घूमने का भी मौका मिलेगा । गौरतलब है कि पुराने समय में केवलादेव उद्यान के आसपास तेंदुए हुआ करते थे और कई बार यहाँ बाघ भी आ चुका है। इन दिनों केवलादेव में जंगली जानवर नीलगाय, चीतल, सांभर, जंगली सूअर, सियार और जरख मौजूद हैं। पक्षी निहारने आये पर्यटकों को कई बार दिखाई पड़ते हैं।

00000

जैसलमेर में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है। जिला प्रजनन और शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नारायणराम ने बताया कि रविवार को पोलियो बूथों और इसके बाद 2 दिन तक घर–घर जाकर पोलियो की खुराक 5 साल तक के बच्चों को दी गई। इन तीन दिन के दौरान 1 लाख 32 हजार नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

00000